उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या- 94 /172/चार/आयोग/2021
लखनऊ: दिनांक- 28 मार्च, 2026

शुद्धि-पत्र

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/03 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियंत्रणाधीन विभिन्न अर्हता के कुल रिक्त 115 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त विज्ञापन में ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि- 02-04-2026 है। उक्त विज्ञापन के माध्यम से बोर्ड में सृजित विभिन्न पदों के साथ-साथ 'लेखाकार/लेखा परीक्षक' के सीधी भर्ती के रिक्त 22 पदों को भी प्रकाशित किया गया है। प्रश्नगत विज्ञापन में वेतनमान, शैक्षणिक अर्हता, अधिमानी अर्हता और आयु इत्यादि का उल्लेख विभाग द्वारा प्रेषित अधियाचन तथा उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण परिषद् सेवा विनियमावली,1995 में विहित प्राविधानानुसार किया गया है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पत्र संख्या- G47422/ए0एस0 कैम्प-27(ब)/2020-26, दिनांक- 25.03.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि 'उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण परिषद् (प्रथम संशोधन) सेवा विनियमावली, 2026' गजट प्रकाशित करने की तिथि 07 मार्च, 2026 से प्रवृत्त हो गई है। उक्त संशोधित विनियमावली, 2026 के माध्यम से सेवा विनियमावली, 1995 के परिशिष्ट के क्रम संख्या-29 पर उल्लिखित लेखाकार/लेखा परीक्षक से संबंधित प्रविष्टियों को संशोधित किया गया है, जिसमें लेखाकार/लेखा परीक्षक के पदनाम के स्थान पर सहायक लेखाकार तथा वेतनमान, शैक्षणिक अर्हताएं, अधिमानी अर्हताएं एवं आयु 'उ०प्र० सरकारी विभाग अधीनस्थ लेखा संवर्ग (अराजपत्रित) सेवा विनियमावली, 2014' (यथासंशोधित) के अनुसार किया गया है।

अधियाचनकर्ता विभाग के उक्त पत्र दिनांक- 25.03.2026 में विनियमावली में संशोधन के दृष्टिगत विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026 में प्रकाशित लेखाकार/लेखा परीक्षक के पद के विज्ञापन को निरस्त करते हुए प्रश्नगत पद के अधियाचन को वापस किये जाने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के प्रस्तर-4 में उल्लेख है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल संख्या व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। विभाग के उक्त पत्र के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत विज्ञापित कुल 115 पदों में से लेखाकार/लेखा परीक्षक के रिक्त 22 पदों को चयन की कार्यवाही से हटाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के क्रम में चयन हेतु प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत संशोधित रिक्तियों की कुल संख्या-93 है।

तदनुसार विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/03 के अंतर्गत आवेदन करने वाले संबंधित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन में प्रकाशित कुल रिक्त पदों के विवरण तथा प्रश्नगत विज्ञापन को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

28/03/2026

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।